| 1

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 1

प्रेस वक्तव्य :
सम्पूर्ण जीवन को राष्ट्र-गंगा को समर्पित करने वाले जीडी अग्रवाल को नमन : विहिप
नई दिल्ली. अक्टूबर 12, 2018. माँ गंगा के अनन्य भक्त व उसके गंगत्व के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले श्री जी डी अग्रवाल के देवलोक गमन पर विश्व हिन्दू परिषद् ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें एक महान पर्यावरणविद, विचारक, वैज्ञानिक तथा सच्चा गंगा भक्त बताया है. अपनी श्रद्धांजलि देते हुए विहिप के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आलोक कुमार ने आज कहा कि उन्होंने न सिर्फ अपना सम्पूर्ण जीवन तिल-तिल कर माँ गंगा, पर्यावरण तथा राष्ट्र के लिए जीया वल्कि मृत्योपरांत भी वे देह दान कर दुनिया को एक विशेष संदेश देने में भी नहीं चूके.
हालांकि दो दिन पूर्व ही भारत सरकार ने गंगा की अविरलता व निर्मलता सुनिश्चित करने हेतु एक गजट अधिसूचित किया था किन्तु गंगा की सम्पूर्ण स्वतंत्रता से कम उन्हें कुछ भी स्वीकार्य नहीं था. वे सच्चाई पर सदा अड़े रहे. विहिप उनके इस सर्वस्व समर्पण को कोटि-कोटि नमन करते हुए यह मानती है कि गंगा की अविरलता, पवित्रता व निर्मलता सुनिश्चित करना हम सभी भारतीयों का धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, मानवीय तथा राष्ट्रीय कर्तव्य है.

जारी कर्ता
विनोद बंसल
राष्ट्रीय प्रवक्ता,
विश्व हिन्दू परिषद,
M-9810949109

ट्विटर: @vinod_bansal